धारदार हथियार से युवक की हत्या, पोखरे के पास खेत में मिला शव

रतनपुर आज। परसामलिक थाना क्षेत्र के सिरसिया मशर्की टोला पिपरवांस में सोमवार रात अज्ञात बदमाशों ने 18



वर्षीय युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी। उसका शव मंगलवार भोर में गांव के उत्तर पोखरे के पास एक खेत में मिला। घटना से गांव में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान शिवनंदन उर्फ विकास गुप्ता (18) पुत्र रामअचल गुप्ता के रूप में हुई। परिजनों के मुताबिक सोमवार शाम उसकी मां ने फोन किया तो उसने पोखरे पर होने की बात बताई थी। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने तलाश की और पुलिस को सूचना दी। मंगलवार सुबह करीब पांच बजे उसका शव शाह आलम के खेत में पड़ा मिला। सूचना पर सीओ नौतनवा बसंत सिंह, थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने साक्ष्य जुटाने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के बाबा जोखू गुप्ता ने अज्ञात लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। दो

- सऊदी से लौट रहे पिता को मिली बेटे की मौत की खबर, पुलिस और फोरेंसिक टीम जांच में जुटी

भाइयों में छोटा विकास पढ़ाई छोड़कर अपने बाबा के साथ सब्जी बेचने में हाथ बंटाता था। उसके पिता सऊदी अरब में काम करते हैं। बेटे की मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

ट्रेन की चपेट में आने से मां-बेटी की दर्दनाक मौत

आनंदनगर आज। फरेंदा थाना क्षेत्र के उदितपुर टोला गिरधरपुर के पास सोमवार सुबह करीब आठ बजे गोरखपुर-नौतनवा रेलखंड पर ट्रेन की चपेट में आने से 25 वर्षीय महिला और उसकी चार वर्षीय बेटी की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नौतनवा जा रही पैसेंजर ट्रेन के सामने महिला अपनी बेटी के साथ पहुंच गई। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मासूम बेटी को भी गंभीर चोटें आईं और उसकी जान चली गई। सूचना मिलते ही फरेंदा पुलिस और रेलवे पुलिस आनंदनगर मौके पर पहुंची।



थाना प्रभारी निरीक्षक राघवेंद्र सिंह ने मृतकों की पहचान सुंदरी (25) और उसकी पुत्री दिव्यांशी (4), निवासी उदितपुर (केसौली), थाना फरेंदा के रूप में की। पुलिस ने दोनों शवों का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थाना प्रभारी के मुताबिक महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ थी। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता का एसपी ने किया शुभारम्भ

महराजगंज आज। छत्रपति शाहूजी महाराज स्पोर्ट्स स्टेडियम में मंगलवार को गोरखपुर जोन की अंतर्जनपदीय पुलिस क्रिकेट प्रतियोगिता-2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़कर प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन किया।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ने एसपी का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। उद्घाटन के बाद एसपी ने प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही विभिन्न जनपदों की पुलिस टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन और टीम भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।इसके बाद एसपी ने क्रिकेट मैदान और पिच का निरीक्षण कर आयोजन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि खेल पुलिसकर्मियों के शारीरिक और



मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के साथ अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आपसी समन्वय विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसी प्रतियोगिताओं से विभिन्न जनपदों के पुलिसकर्मियों के बीच आपसी सौहार्द भी मजबूत होता है।कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक, सभी क्षेत्राधिकारी और अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

दीपावली की खुशियों में पसरा मातम, पोखरे में डूबकर इकलौते बेटे की मौत

महराजगंज आज। दीपावली की शाम पनियरा थाना क्षेत्र के बैजूडेहरा गांव में दर्दनाक हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। पोखरे में डूबने से पांच वर्षीय मासूम अभिराज सहानी की मौत हो गई। वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार, रविवार शाम करीब पांच बजे सुनील का पुत्र अभिराज अचानक घर से लापता हो गया। काफी देर तक उसका पता नहीं चलने पर परिजनों ने गांव और आसपास तलाश शुरू की। देर रात खोजबीन के दौरान पोखरे के पास उसका जूता पानी में तैरता दिखाई दिया। आशंकित ग्रामीणों ने पोखरे में तलाश शुरू की। काफी मशक्कत के बाद मासूम को बाहर निकाला गया।

परिजन उसे तत्काल पनियरा अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हालांकि, रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।मासूम की मौत से मां रचना और पिता सुनील का रो-रोकर बुरा हाल है। पिता बाहर रहकर पेंट-पॉलिश का काम करते हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष कुंवर गौरव सिंह ने बताया कि पुलिस को अभी कोई लिखित सूचना नहीं मिली है।

मूर्ति विसर्जन के दौरान पुरानी रंजिश में मारपीट, रॉड से हमला

महराजगंज आज। पनियरा थाना क्षेत्र में मूर्ति विसर्जन के दौरान पुरानी



रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस दौरान एक युवक पर लोहे की रॉड से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।राजौंड़ा खुर्द निवासी राजू यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 9 नवंबर को उनका भतीजा इंद्रेश गांव के घटही मां स्थान पर स्थापित प्रतिमा के विसर्जन में शामिल होने गया था। इसी दौरान धुंगरहवा की प्रतिमा भी विसर्जन के लिए पहुंची। आरोप है कि नगर पंचायत पनियरा निवासी शनि गुप्ता अपने साथियों के साथ वहां पहुंचा और पुरानी रंजिश को लेकर इंद्रेश पर रॉड से हमला कर दिया। साथियों ने भी मारपीट की।स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर घायल को बचाया। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस सक्रिय हुई।थानाध्यक्ष कुंवर गौरव सिंह ने बताया कि शनि गुप्ता और उसके साथियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। वीडियो के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है।

आगामी छठ त्यौहार को लेकर सीमा पर सुरक्षा एजेंसिया अलर्ट

झुलनीपुर। आगामी त्यौहार छठ, पूजा भैया दूज पर्व को लेकर बॉर्डर पर लगी सुरक्षा एजेंसीया अलर्ट हो गई है। 22 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल पथलहवा तथा बहुआर पुलिस ने सोमवार को भारत नेपाल सीमा के करमिसवा गांव पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। बहुआर चौकी प्रभारी मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि आगामी त्यौहार छठ पर्व को लेकर भारत नेपाल सीमा पर संयुक्त पेट्रोलिंग कर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा अवैध तस्करी को रोकने के लिए पैदल गश्त किया गया। इस दौरान नेपाल से भारत प्रवेश करने पर वाहनों की जांच पड़ताल किया गया। उन्होंने त्यौहार के दौरान अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने को कहा, त्योहारों में शांत व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है।इस दौरान उपनिरीक्षक कपिल प्रजापति, आनंद यादव, शुभम वर्मा, राजन कुमार, रोहित तथा एसएसबी के जवान मौजूद रहे।

श्यामदेउरवा के युवक की मुंबई में ट्रक की चपेट में आने से मौत, गांव में पसरा मातम

श्यामदेउरवा। (आज) मुंबई के कांदिवली ईस्ट स्थित लोखंडवाला के दामू नगर रोड पर रविवार रात



करीब नौ बजे ट्रक की चपेट में आने से 19 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान शुभम शर्मा पुत्र निलेश शर्मा, निवासी श्यामदेउरवां के रूप में हुई है। वह मुंबई में रहकर पढ़ाई कर रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुभम रविवार रात बाइक से घर जा रहा था। इसी दौरान दामू नगर रोड पर वह ट्रक की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शुभम की मौत की खबर जैसे ही पैतृक गांव श्यामदेउरवां पहुंची, पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों के अनुसार, शुभम पढ़ने-लिखने में बेहद होनहार और मिलनसार स्वभाव का था। उसकी असामयिक मौत से परिवार ही नहीं, पूरा गांव गहरे सदमे में है। मुंबई पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ट्रक को कब्जे में ले लिया है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जहरीला पदार्थ खाने से हेड मुहर्रिर की हालत गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

निचलौल आज।निचलौल थाने के हेड मुहर्रिर विशाल सिंह की दीपावली की रात को जहरीला पदार्थ खाने से हालत गंभीर हो गई।सहयोगी पुलिस कर्मियों द्वारा रात को तीन बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निचलौल में भर्ती कराया गया जहाँ प्राथमिक ईलाज के बाद जिला अस्पताल महराजगंज रेफर कर दिया गया,जहाँ ईलाज चल रहा था,समाचार लिखे जाने तक हेड कॉन्स्टेबल के परिजन जिला अस्पताल पहुंच चुके थे और ईलाज के लिए किसी अन्य अस्पताल में ले गए हैं। जानकारी के अनुसार हेड मुहर्रिर पद पर निचलौल थाने में विशाल सिंह लगभग दो वर्षों से तैनात हैं।उनकी कार्यशैली भी काफी अच्छी थी,लोगो के बीच काफी लोकप्रिय थे दीपावली की देर रात उनके वाट्सएप पर सुसाइट नोट पड़ा था,सहयोगी पुलिसकर्मियों ने देखा भागे भागे उनके आवास पर गये जहाँ विशाल सिंह अपने कमरे में बेड पर बेहोश पड़े थे।साथी पुलिस कर्मियों द्वारा तत्लक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निचलौल भर्ती कराया गया जहाँ चिकित्सको ने प्राथमिक चिकित्सा के बाद जिला अस्पताल महराजगंज रेफर कर दिया गया। फिलहाल पूरे मामले की जांच पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्राधिकार महाराजगंज को सौंप दिया है, जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मामले की सही जानकारी हो पाएगी।इस संबंध में प्रभारीनिरीक्षक योगेंद्र राय ने बताया कि हेड मुहर्रिर द्वारा दीपावली की रात को काफी नशे की हालत में था,उसके पास से कुछ नशीली गोली भी बरामद हुआ है।किस परिस्थिति में ऐसा किया है जांच का विषय हैं,उसको अनुसासन हीनता के आरोप में निलंबित किया गया है।उसने जो आरोप भी आरोप लगाये हैं निराधार हैं।

- हेड मुहर्रिर अनुशासन हीनता के आरोप में निलंबित
- पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्राधिकारी महाराजगंज को सौपा जांच

दुकान के कमरे में फंदे से लटका मिला युवक का शव,भाई ने जताई हत्या की आशंका

सिंदुरिया आज। सिंदुरिया थाना क्षेत्र के झनझनपुर चौराहे पर एक दुकान के अंदर कमरे में युवक का शव फंदे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान निचलौल थाना क्षेत्र के कपरोली गांव निवासी निरंजन पासवान के रूप में हुई है। युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से परिवार में कोहराम मचा है। वहीं, मृतक के भाई ने दुकान मालिक पर गंभीर आरोप लगाते हुए हत्या की आशंका जताई है। प्राप्त तहरीर के अनुसार, मृतक का भाई संदेश पासवान ने बताया कि निरंजन झनझनपुर चौराहे पर स्थित महुआवा हांडी मीट की दुकान पर काम करता था। परिजनों का कहना है कि उसकी किसी से कोई पुरानी रंजिश नहीं थी। आरोप है कि आठ नवंबर की रात करीब दस बजे दुकान मालिक राजू मलेशिया ने फोन कर ग्राम प्रधान को घटना की जानकारी दी। इसके बाद ग्राम प्रधान से सूचना मिलने पर परिजन सिंदुरिया थाने पहुंचे। वहां उन्हें बताया गया कि शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। मृतक के भाई ने नौ नवंबर को थाने में प्रार्थना पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनका आरोप है कि निरंजन की मौत सामान्य नहीं है। फिलहाल पुलिस जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

दीवार में सेंध लगाकर लाखों की चोरी

महराजगंज (आज);-- सिंदुरिया थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर एकडंगा गांव के कोइरी टोला में सोमवार की रात चोरों



ने एक घर को निशाना बनाया। कच्ची ईंट की दीवार में सेंध लगाकर चोर करीब चार लाख रुपये के जेवरात, 90 हजार रुपये नकदी और कपड़े उठा ले गए। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है।लक्ष्मीपुर एकडंगा निवासी रामबहादुर ने थानाध्यक्ष को दी गई तहरीर में बताया कि रात में परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे। इसी दौरान उनकी बेटी रागिनी मौर्य की नींद खुली तो कमरे की दीवार में सेंध लगी दिखाई दी। घर की जांच करने पर बक्से में रखे जेवरात और नकदी गायब मिले। खोजबीन के दौरान घर से करीब 300 मीटर दूर रामस्वरूप यादव के खेत में टूटा हुआ बक्सा मिला। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अनूप तिवारी और चौकी इंचार्ज मनोज यादव मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर पूछताछ की। वहीं, फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए। थानाध्यक्ष अनूप तिवारी ने बताया कि चोरी की घटना की जांच की जा रही है। जल्द ही मामले का पर्दाफाश करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

- घर से खेत में टूटा मिला बक्सा, फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

गडौरा पिकेट के पास घायल दंपति को पुलिस ने पहुंचाया अस्पताल, पेश की मानवता की मिसाल

गड़ौरा आज। पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए सड़क हादसे में घायल पति-पत्नी को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर मानवता की मिसाल पेश की। घटना नौ नवंबर की देर रात करीब 12 बजे ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के गडौरा पिकेट के पास हुई।

जानकारी के अनुसार, नौवाबारी निवासी पप्पू साहनी (पुत्र सुग्रीव साहनी) अपनी पत्नी सुनीता देवी के साथ बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान गडौरा पिकेट के पास अचानक बाइक अनियंत्रित होने से दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर तैनात कांस्टेबल दिलीप यादव और अनुज यादव ने तत्परता दिखाते हुए घायलों की मदद की। दोनों पुलिसकर्मियों ने तत्काल एम्बुलेंस की व्यवस्था कराई और घायल दंपति को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) निचलौल पहुंचवाया। रात के समय पुलिसकर्मियों की सक्रियता से घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में मदद मिली।पुलिसकर्मियों की इस मानवीय पहल की क्षेत्र में सराहना हो रही है। उन्होंने साबित किया कि पुलिस की जिम्मेदारी कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ जरूरतमंदों की मदद करना भी है।

गौ माता का पूजन कर धूमधाम से मनाया गया गोवर्धन पूजा

आनंदनगर आज। जीवन शक्ति प्रगति जी फाउंडेशन की ओर से फरेंदा क्षेत्र के वृहद गौशाला केंद्र



मधुकरपुर महदेवा में गोवर्धन पूजा महोत्सव धूमधाम और भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से गोवर्धन पूजन और गौ माता की पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम के दौरान गौ आरती, प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने गौ माता की पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पंडित द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह अपरिहार्य कारणों से उपस्थित नहीं हो सके। उनकी अनुपस्थिति में जिला पंचायत सदस्य परमानंद त्रिपाठी और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रमाकांत एवं उमाकांत की मौजूदगी में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एजाज अहमद, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दीनदयाल, पशु चिकित्सा अधिकारी फरेंदा, फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामनिवास गौतम, सचिव मीनू देवी सहित अन्य पदाधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

दीपावली के दीप से घर में लगी आग, नकदी और बाइक समेत सारा सामान राख

पुरैना, महराजगंज घुघली थाना क्षेत्र के जोगिया गांव में दीपावली की रात करीब 9:30 बजे जलते दीपक से कमलेश शर्मा के घर में आग लग गई। इस अग्निकांड में बाइक, कपड़े, अनाज, बर्तन, बिस्तर और 23 हजार रुपये नकद समेत घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। हालांकि परिजनों ने किसी तरह घर से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई।जानकारी के अनुसार टाइल्स मिस्त्री कमलेश शर्मा ने घर के एक कमरे में खड़ी बाइक पर मिट्टी का दीपक जलाकर रखा था। रात में उसी दीपक से आग लग गई। बाइक में तेज धमाका होने पर दूसरे कमरे में सो रहे कमलेश और उनके परिजनों की नींद खुली। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया।कमलेश ने बताया कि मजदूरों के भुगतान के लिए मिले 25 हजार रुपये में से बचे 23 हजार रुपये कमीज की जेब में रखे थे, जो आग में जल गए।ग्रामीण मनमोहन सिंह ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

त्योहार की खुशियां मातम में बदलीं, घर पहुंचा शव

श्यामदेउरवा। (आज) राजस्थान के श्रीगंगा नगर में मजदूरी करने वाले श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के महमदा टोला पिपरहवा निवासी मलखा चौधरी (50 वर्ष) की शनिवार को अचानक मौत हो गई। रविवार को दिवाली के दिन जब उनका शव गांव पहुंचा तो परिवार में चीख-पुकार मच गई। त्योहार की खुशियां पल भर में मातम में बदल गईं। परिजनों के अनुसार, मलखा चौधरी पिछले करीब दस वर्षों से राजस्थान के श्रीगंगा नगर में रहकर मजदूरी करते थे। कुछ महीने पहले वह घर आए थे। करीब दो माह पूर्व फिर राजस्थान चले गए थे। बताया जा रहा है कि शनिवार को भोजन करने के दौरान अचानक उन्हें उल्टी होने लगी। देखते ही देखते उनकी तबीयत बिगड़ गई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।



वहां काम कर रहे गांव के अन्य मजदूरों ने घटना की सूचना परिजनों को दी। दिवाली पर शव पहुंचने से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

नम आंखों से श्रद्धालुओं ने दी मां लक्ष्मी, सरस्वती और गणेश को विदाई

सिंदुरिया आज। दीपावली पर्व पर थाना क्षेत्र में स्थापित मां लक्ष्मी, मां सरस्वती और भगवान गणेश की प्रतिमाओं का सोमवार को श्रद्धालुओं ने नम आंखों से विसर्जन किया। इस दौरान देवरिया ब्रांच की नारायणी नहर के हरिहरपुर फाटक पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।



प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रद्धालु डीजे की धुन पर नाचते-गाते और जयकारे लगाते हुए घाट तक पहुंचे। अबीर-गुलाल उड़ाकर भक्तों ने उत्साह के साथ माता को विदाई दी। विसर्जन के समय कई श्रद्धालु भावुक नजर आए। इससे पहले दीपावली के अवसर पर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की थी।

विसर्जन के दौरान सिंदुरिया पुलिस टीम सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुस्तैद रही। पुलिसकर्मियों ने घाटों पर निगरानी रखने के साथ श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यवस्थित किया। थानाध्यक्ष अनूप कुमार तिवारी ने बताया कि थाना क्षेत्र में स्थापित सभी प्रतिमाओं का विसर्जन शांतिपूर्ण माहौल में कराया जा रहा है। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस टीम लगातार निगरानी कर रही है।

खेत में मिला तीन-चार घंटे का नवजात, पुलिस ने पहुंचाया स्वास्थ्य केंद्र

खुशहालनगर (आज)घुघली थाना क्षेत्र के धनगढ़ी मुंडेरी दास टोला में मंगलवार को एक खेत में नवजात शिशु मिलने से इलाके में हलचल मच गई। नवजात विनय कुमार शर्मा के घर के पीछे स्थित खेत में मिला। उसकी उम्र करीब तीन से चार घंटे बताई जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, नवजात खेत में पड़ा रो रहा था और उसके शरीर पर चींटियां रेंग रही थीं। खेत में नवजात को देखकर ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। कुछ ही देर में मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलते ही जखीरा चौकी प्रभारी आशुतोष पाठक पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने



ग्रामीणों की सहायता से नवजात को पास के गांव स्थित आयुष्मान आरोग्य केंद्र पहुंचाया, जहां उसकी प्राथमिक जांच की गई और नाल काटी गई। चौकी प्रभारी ने बताया कि नवजात की प्राथमिक स्वास्थ्य जांच कराने के बाद उसे बाल कल्याण समिति को सुपुर्द किया जाएगा। वहीं, नवजात को खेत में छोड़कर जाने वाले लोगों के संबंध में पुलिस जांच कर रही है।

दीपावली पर धर्मौली में सजी भक्ति की दिव्य छटा, झांकियों ने मोहा मन

ठूठीबारी/महराजगंज आज। दीपावली के पावन पर्व पर ग्राम सभा ठूठीबारी के टोला धर्मौली में श्री श्री नवयुवा लक्ष्मी पूजा समिति के तत्वावधान में भव्य धार्मिक झांकी का आयोजन किया गया। रंग-बिरंगी रोशनी और आकर्षक सजावट से सजे पंडाल में पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

रात करीब आठ बजे शुरू हुए कार्यक्रम में नौतनवां के ? साईं जागरण परिवार के कलाकारों ने शंकर-पार्वती, राधा-कृष्ण, भगवान हनुमान और श्री गणेश सहित विभिन्न देवी-देवताओं की मनोहारी झांकियां प्रस्तुत कीं। कलाकारों की भावपूर्ण अदाकारी, आकर्षक वेशभूषा और सजीव मंचन ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। प्रस्तुतियों के दौरान पंडाल जयकारों और तालियों से गूंजता रहा। देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी



रही।आयोजन को सफल बनाने में समिति अध्यक्ष प्रतीक कुमार, उपाध्यक्ष राजेश यादव, जय हिंद यादव, ऋषिमुनि चौधरी, विष्णु खरवार सहित अन्य सदस्यों और ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर अंकुर मद्धेशिया, अनिल यादव, गब्बर चौधरी, नरसिंह यादव समेत सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।